By-Emai
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.con

# कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ़ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय बाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 3263 / न्यूज कटिंग / 133 दिनांक 24/06/26

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषयः– जनपद सम्भल के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 23.06.2026) में अमर उजाला में प्रकाशित न्यूज के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (23.06.2026) में प्रकाशित न्यूज कटिंग अधोहस्ताक्षरी को Whatsapp के माध्यम से इस खण्ड को प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| "आठ हजार आबादी में पानी की किल्लत और कीचड़ भरी गलियां" | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 556 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 860) में 860 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 575 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 559 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 151 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 93.52 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **भकरौली पेयजल योजना वि0ख0 गुन्नौर** में M/S NKG-PRIMUS, JV, NEW DELHI द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य ग्राउण्ड लेवल तक पूर्ण, बॉउड्रीवॉल का कार्य 20 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 14.04 कि0मी0 के सापेक्ष 10.50 कि0मी0 पूर्ण, गृह जल संयोजन का कार्य अवशेष एवं पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है। वर्तमान धनाभाव के कारण उक्त पेयजल योजना के सभी कार्य बाधित है। |

Scanned with CamScanne

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दी गयी है। धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(मुजीब अहमद)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।


1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2— जिलाधिकारी महोदय, जनपद सम्भल।
3— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
4— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद सम्भल।
5— जिला सूचना अधिकारी, सम्भल।
6— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।
7— मै0 एन0के0जी0—प्राइमस (जेवी) नई दिल्ली इस निर्देश के साथ कि उक्त पेयजल योजना के समस्त पूर्ण करते हुये नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

...आठ हजार आबादी में पानी की किल्लत और कीचड़ भरी ...यां

...ाद न्यूज एजेंसी, संभल Updated Tue, 23 Jun 2026 01:40 AM IST





धनारी। ग्राम भकरौली में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्य अधूरे पड़े होने से ग्रामीणों को न स्वच्छ पानी मिल सका और न ही बेहतर सड़कें मिली हैं। आठ हजार की आबादी वाले गांव में पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें तो खोद दी गईं, लेकिन आज तक घरों तक पानी नहीं पहुंच सका। ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने से योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। वहीं, जगह-जगह टूटी और कीचड़ से भरी सड़कें लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है।

## ये भी पढ़ें




**Jhansi: जल जीवन मिशन की पाइपलाइन में जगह-जगह लीकेज, सड़क पर बर्बाद हो रहा पानी, राहगीर भी परेशान; वीडियो**

झांसी



**Etah News: पड़तालः पाइप लाइन डालने के बाद नहीं की गलियों की मरम्मत, बन रहीं मुसीबत**

एटा



**Jhansi: कनेक्शन देने के 10 माह बाद भी घरों में नहीं आया पानी, सड़कों की हालत बनी हुई है खस्ता**

झांसी



**Moradabad N... भरतावाला में खोद... बनी नाली, लोग प...**

मुरादाबाद

Scanned with CamScanner

...व में जल जीवन मिशन के तहत करीब तीन वर्ष पहले पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया गया था। इसके लिए गांव की कई सड़कों ...ं दिया गया, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद उन्हें दुरुस्त नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने अपने घरों के सामने की सड़कें स्वयं ठीक करा ली, ...के कई स्थानों पर आज भी सड़कें उखड़ी पड़ी है और उनमें कीचड़ भरा रहता है। बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि योजना के तहत पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन तो बिछा दी गई, लेकिन ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। टैंक के लिए केवल पिलर खड़े किए गए, जबकि उसके ऊपर टैंक का निर्माण नहीं कराया गया। इससे गांव में आज तक पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी और योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पाया।

ग्रामीणों ने बताया कि कार्यदायी संस्था के कर्मचारी करीब तीन वर्ष पहले ही गांव से चले गए थे। इसके बाद न तो निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराया गया और न ही जल जीवन मिशन या फिर जल निगम का कोई अधिकारी स्थिति का जायजा लेने पहुंचा।

..................................

बोले ग्रामीण...

गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन तो बिछा दी गई, लेकिन पानी की आपूर्ति के लिए टैंक का निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल सका और घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया।

-प्रवेंद्र कुमार वार्ष्णेय

.....................

पाइपलाइन डालने के लिए गांव की सड़कें खोदी गई थी, लेकिन बाद में उन्हें ठीक नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने आपस में सहयोग कर कई जगह सड़कें दुरुस्त कराई, फिर भी कुछ स्थानों पर समस्या बनी हुई है।

-वीरपाल सिंह

..............................

जल निगम ने सड़कें खोदकर पाइपलाइन बिछा दी, लेकिन मरम्मत का कार्य पूरा नहीं किया गया। वहीं, पानी की आपूर्ति के लिए बनने वाला ओवरहेड टैंक भी अधूरा पड़ा है, जिससे योजना शुरू नहीं हो सकी।

-योगेंद्र कुमार यादव

..............................

जल जीवन मिशन के कार्य के दौरान गलियों की सड़कें खोद दी गई, लेकिन उन्हें दोबारा सही नहीं कराया गया। नालियों का पानी गलियों में भरने से कीचड़ की समस्या बनी रहती है।

-हरपाल सिंह

................

वर्जन

जल निगम द्वारा सड़के खोद कर पाइप लाइन डाल दी गई। लेकिन ग्रामीणों के घरों में कनेक्शन नहीं किए गए हैं। ओवरहैड टैंक का निर्माण भी नहीं किया गया और न ही बोरिंग हो पाया है।

-योगेन्द्र यादव, प्रधान गायत्री देवी के प्रतिनिधि

अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें

महिलाओं में बांझपन का सही इलाज क्या है

और जानें

Scanned with CamScanner